- बैंक का कृषि अग्रिम वित्त वर्ष 2016-17 में ₹ 36760 करोड़ से बढ़कर ₹ 37537 करोड़ हो गया जो वर्ष-दर-वर्ष 2.11% की वृद्धि दर्शाता है.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में एमएसएमई अग्रिम ₹ 30701 करोड़ हुआ जो कुल ऋण एवं अग्रिमों का 20.06% है.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में रिटेल ऋण ₹ 32008 करोड़ हुआ जो कुल ऋण एवं अग्रिमों का 20.92% है.
- आवास ऋण पोर्टफोलियो ₹12510 करोड़ हुआ जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कुल रिटेल पोर्टफोलियों का 39.08% है.
- बैंक ने देश के 9 राज्यों में 46 ग्रामीण स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र (आरसेटी) यथा मध्य प्रदेश (18), बिहार (9), महाराष्ट्र (6), उत्तर प्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (3), छत्तीसगढ़ (2), राजस्थान (1), ओड़ीसा (1) एवं असम (1) में स्थापित किए हैं. वर्ष 2016-17 के दौरान, आरसेटी ने 1153 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और उनमें 31961 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया है. इनमें से 26511 (अर्थात 83%) प्रशिक्षुओं को बैंक ऋण, वेतन समझौते एवं स्व-वित्त के माध्यम से नियोजित किया गया है.
- बैंक के पास दिनांक 31 मार्च, 2017 तक 3 राज्यों के 47 जिलों में 1629 शाखाओं के नेटवर्क के साथ 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं.
- बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत 2000 से अधिक की जनसंख्या वाले 4,330 गांवों तथा 2000 से कम की जनसंख्या वाले 18,376 गांवों को कवर किया है. बैंक ने ये सभी गांव 6,387 बीसी एजेन्ट के माध्यम से कवर किए हैं. हमने 176 शहरी वित्तीय समावेशन केंद्र भी खोले है. बैंक ने बीसी एवं शाखाओं के माध्यम से 170.89 लाख बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट खाते (बीएसबीडीए) खोले है. दिनांक 31 मार्च,2017 को इन खातों में कुल जमा शेष ₹ 2070.14 करोड़ था.
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में, बैंकाश्युरेंस व्यवसाय से कुल आय ₹17.07 करोड़ हुई.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को पूरे देश में बैंक के नेटवर्क में 4714 शाखाएं, 3677 अति-सूक्ष्म शाखाएं (यूएसबी), 5285 एटीएम, 10 सेटेलाइट कार्यालय एवं 1 विस्तार पटल हैं.

2. आय एवं व्यय

वर्ष 2016-17 की अवधि में आय एवं व्यय के विवरण निम्नानुसार दिए जा रहे हैं :

₹ करोड़ में

		31.03.2017	31.03.2016	विचलन	%
1	ब्याज आय	24661	25887	(1226)	(4.73)
	-अग्रिम	16283	18978	(2695)	(14.20)
	-निवेश	7372	6474	898	13.87
	-अन्य	1006	435	571	131.26
2	गैर ब्याज आय	2876	1938	938	48.40
3	कुल आय (1+2)	27537	27825	(288)	(1.03)
4	प्रदत्त ब्याज	18087	18822	(735)	(3.90)
	-जमाराशियां	17330	17653	(323)	(1.83)
	-अन्य	757	1169	(412)	(54.43)

		31.03.2017	31.03.2016	विचलन	%
5	परिचालन व्यय	6361	6361	0	0
	-स्थापना	4214	4465	(251)	(5.62)
	-अन्य	2147	1896	251	13.24
6	कुल व्यय (4+5)	24448	25183	(735)	(2.92)
7	स्प्रैड (1-4)	6574	7065	(491)	(6.95)
8	परिचालन लाभ (3-6)	3089	2642	447	16.91
9	प्रावधान	5528	4060	1468	36.15
10	कर के लिए प्रावधान	(1090)	(1251)	161	(12.87)
11	शुद्ध लाभ	(2439)	(1418)	(1021)	(72.00)

3. प्रावधान

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान, लाभ एवं हानि खाते को प्रभारित ₹ 5528 करोड़ के कुल प्रावधान का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

	31.03.2017	31.03.2016	विचलन
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	(164)	470	(634)
एनपीए के लिए प्रावधान	6216	4913	1303
पुनर्संरचित खातों के लिए प्रावधान	321	(1235)	1556
निवेश के लिए प्रावधान	300	851	(551)
करों के लिए प्रावधान	(1090)	(1251)	161
अन्य	(55)	312	(367)
कुल	5528	4060	1468

4. लाभप्रदता अनुपात

(प्रतिशत में)

	31.03.2017	31.03.2016
जमाओं की लागत	6.20	6.86
निधियों की लागत	6.27	6.95
अग्रिमों पर आय	9.01	10.09
निवेशों पर आय	7.38	7.46
शुद्ध ब्याज मार्जिन	2.51	2.78
लागत आय अनुपात	67.31	70.65

5. व्यावसायिक अनुपात

(प्रतिशत में)

	31.03.2017	31.03.2016
ब्याज आय एवं औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ)	8.10	8.85
गैर-ब्याज आय एवं औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ)	0.94	0.66
परिचालन लाभ एवं औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ)	1.01	0.90
औसत आस्तियों पर प्रतिफल	(0.80)	(0.48)
प्रति कर्मचारी व्यवसाय (₹ करोड़ में)	11.81	11.95
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ (₹ लाख में)	(6.49)	(3.76)

6. पूंजी एवं जोखिम भारित आस्तियों का अनुपात (सीआरएआर)

पूंजी पर्याप्तता अनुपात के संविभाग निम्नानुसार हैं :

	31.03.2017		31.03.2016	
	बासल-II	बासल-III	बासल-II	बासल-III
टियर-I	7.16	8.62	7.44	8.20
टियर-II	4.12	2.33	3.63	2.21
पूंजी पर्याप्तता अनुपात	11.28	10.95	11.07	10.41

7. शुद्ध हानि

दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को ₹ 2439 करोड़ की शुद्ध हानि हुई है. तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए निदेशक मंडल ने इक्विटी शेयर पर कोई किसी प्रकार का लाभांश देने की संस्तुति नहीं की है.

8. वर्ष के दौरान निदेशक मंडल में परिवर्तन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं :

- श्री एस.बी. रोडे अधिकारी कर्मचारी निदेशक, दिनांक 01.04.2016 को कार्य समय की समाप्ति पर अपना निर्धारित कार्यकाल पूर्ण कर कार्य निवृत्त हुए.
- श्री एन. नित्यानंद को दिनांक 21 जून, 2016 से तीन वर्ष की अवधि के लिए सनदी लेखाकार श्रेणी के अंतर्गत अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है.
- श्री गुरबख्श कुमार जोशी, कर्मकार कर्मचारी निदेशक, दिनांक 09.07.2016 को कार्य समय की समाप्ति पर अपना निर्धारित कार्यकाल पूर्ण कर कार्य निवृत्त हुए.
- श्रीमती एन. एस. रत्नप्रभा, अंशकालीन गैर सरकारी निदेशक दिनांक 18.12.2016 को कार्य समय की समाप्ति पर अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्य निवृत्त हुई.
- श्री आर. के. गोयल, दिनांक 31.12.2016 को बैंक कार्य समय की समाप्ति पर अधिवर्षिता प्राप्त कर बैंक के कार्यपालक निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए.
- श्री पी. रमण मूर्ती को दिनांक 17.02.2017 से तीन वर्ष की अवधि के लिए बैंक के कार्यपालक निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है.
- श्री आर. सी. लोढ़ा, दिनांक 28.02.2017 को बैंक कार्य समय की समाप्ति पर अधिवर्षिता प्राप्त कर बैंक के कार्यपालक निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए.

निदेशक मंडल, वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए श्री एस.बी. रोडे, श्री गुरबख्श कुमार जोशी, श्रीमती एन. एस. रत्नप्रभा, श्री आर. के. गोयल एवं श्री आर. सी. लोढ़ा द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उनकी सेवाओं को रेखांकित करता है.

9. पर्दाफाश नीति

लोकहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण (पीआईडीपीआई) के अंतर्गत बैंक पर्दाफाश शिकायतों के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करता है. बैंक का 'सेंट विजिल' नामक एक वेब पोर्टल है जिसमें कर्मचारी और निदेशकगण कदाचारों की रिपोर्टिंग अपनी पहचान उजागर किए बिना कर सकते हैं, जो सिर्फ मुख्य सतर्कता अधिकारी को ही %ाात होती है. निदेशकगण और कर्मचारी आवश्यकता के आधार पर लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष से भी संपर्क कर सकते हैं. इससे कदाचार पर अंकुश लगाने, धोखाधड़ी रोकने एवं कर्मचारियों का मनोबल बढाने में मदद मिलती है.

10. व्यावसायिक उत्तरदायित्व संबंधी रिपोर्ट

व्यावसायिक उत्तरदायित्व संबंधी रिपोर्ट, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (दायित्व सूचीकरण एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 34 के अंतर्गत निर्धारित है जो बैंक की वेबसाइट (www.centralbankofindia.co.in) पर उपलब्ध है. इसकी हार्ड प्रति प्राप्त करने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति बैंक के प्रधान कार्यलय में कम्पनी सचिव को लिख कर इसे प्राप्त कर सकता है.

11. निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधी विवरण

निदेशकगण यह पुष्टि करते हैं कि दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखों को तैयार करते समय;

- ❖ महत्त्वपूर्ण विचलन, यदि कोई है, के सम्बंध में समुचित स्पष्टीकरण के साथ, लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया है;
- ❖ भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार तैयार लेखांकन नीतियों को सुसंगत रूप में लागू किया गया है;
- ❖ समुचित एवं विवेकसम्मत निर्णय एवं प्राक्कलन किए गए हैं, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक के कारोबारी मामलों का तथा दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के अंत में बैंक के लाभ का सही एवं स्पष्ट चित्रण प्रस्तुत किया जा सके;
- ❖ भारत में बैंकों को अधिशासित करने वाले नियमों के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेख रखने में समुचित एवं पर्याप्त सावधानियां बरती गई हैं; एवं
- ❖ लाभकारी कारोबार वाले संस्थान के आधार पर, लेखे तैयार किए गए हैं.
- ❖ आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं एवं वे प्रभावी रूप से क्रियान्वित थे.
- ❖ सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली तैयार की गयी है जो पर्याप्त व प्रभावी रूप से कार्यरत हैं.

12. कॉर्पोरेट गवर्नेंस

बैंक का निदेशक मंडल, कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रथाओं को अक्षरश: अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर सुस्पष्ट लिखित प्रणाली तथा प्रथाओं को अपनाया है.

13. आभार

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता है; निदेशक मंडल अपने ग्राहकों एवं शेयरधारकों द्वारा प्रदत्त निर्बाध समर्थन एवं विश्वास के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल स्टाफ सदस्यों के योगदान एवं समर्पित सेवाओं की प्रशंसा करता है.

निदेशक मंडल की ओर से

स्थान : मुंबई
दिनांक : 23 मई, 2017

राजीव ऋषि
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रबंधतंत्र विचार एवं विश्लेषण

भाग ए: आर्थिक परिदृश्य

वर्ष 2016 के दौरान वैश्विक प्रगति की दर में रही मंदी के पश्चात वर्ष 2017 में इसमें तेजी आने की उम्मीद है. भावनात्मक पहलुओं के बढ़ने से यूएस की आर्थिक प्रगति में सुधार के आसार हैं. बेरोजगारी में कमी एवं मुद्रा स्फीति के बढ़ने से विदेशी विनिमय दरों में वृद्धि हुई है. नई सरकार द्वारा अनुमानित वित्तीय प्रोत्साहनों से विकास की सम्भावनाओं को और अधिक बल मिलेगा. डॉलर में मजबूती, बढ़ते हुए संरक्षणवाद इत्यादि के कारण यू.एस. में काफी हद तक विकास बाधित हुआ है. यूरोजोन सतत मौद्रिक प्रोत्साहन के चलते संतुलित विकास पथ पर कायम रहा है. इस क्षेत्र में विकास की सम्भावनाएं ''ब्रेक्जिट'' समझौते के परिणामों पर भी निर्भर होंगी. वृद्धिशील उत्पादन एवं निर्यात, जापानी अर्थव्यवस्था के लिए काफी मददगार रहे हैं. चीन ने पिछले वर्ष अपनी अर्थव्यवस्था को पुन: संतुलित करने के उद्देश्य से अर्थव्यवस्था की मन्दी से बचने के लिए घरेलू उपभोग संवर्द्धित विकास पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया है. वस्तुओं की बढ़ती हुई कीमतों के कारण कुछ वस्तु निर्यातक अर्थव्यवस्थाओं को अवश्य राहत मिलेगी.

भारतीय अर्थव्यवस्था नोटबंदी के ''अल्पकालिक'' प्रभाव से उबर रही है. नोटबंदी के कारण बैंकिंग सिस्टम में भारी मात्रा में एकत्र हुई जमा राशियों से ऋणों की वृद्धि में सहायता मिलेगी. इसके साथ ही वर्ष 2017-18 के केंद्रीय बजट में घोषित अनुकूल उपायों से इस वृद्धि में और भी उछाल आएगा. वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) से भी आर्थिक प्रगति में मदद मिलेगी. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष वर्ष 2017-18 में भारत की आर्थिक विकास दर 7.2% रहने के पूर्वानुमान पर अभी भी कायम है. भारतीय अर्थव्यवस्था की पूर्व में अनुमानित वृद्धि दर भी 6.6% से बढ़कर 6.8% होने का अनुमान है. वित्तीयवर्ष 2016-17 में मुद्रा स्फीति कम होकर 4.5% रह गयी है जो कि वर्ष 2015-16 में 4.9% थी. इस दौरान शक्कर एवं दलहनों की कीमतें उच्च स्तर पर बनी रही. वस्तुओं की बढ़ती हुई वैश्विक कीमतों एवं मौद्रिक अस्थिरता से मुद्रास्फीति का खतरा और भी बढ़ गया है.

दीर्घकालीन मंदी के बाद निर्यात में अनुकूल सुधार हुआ. आयात में वृद्धि तेल के आयात के बढ़ते हुए बिल के कारण हुई है. वर्ष 2016-17 में चालू खाते में घाटे का अनुपात जीडीपी का लगभग 1% रहने का अनुमान है. अप्रैल से दिसम्बर 2016-17 के दौरान संचयी आधार पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में प्रगति की दर दो अंकों में रही है. हाल ही में, पोर्टफोलियों निवेश में भी सकारात्मक रुख देखने को मिला है.

स्थिर सरकार, नीतिगत पहलों, सुधारात्मक उपायों एवं कार्यशील जनसांख्यकीय अनुकूलता के कारण मध्यावधि में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ रहना संभावित है.

बदलता बैंकिंग परिदृश्य

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए कठिन दौर अभी भी जारी है. बैंकिंग उद्योग को मुख्य चुनौती निरंतर बढ़ती अनर्जक आस्तियों से है, वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भुगतान बैंक तथा निजी एवं विदेशी बैंकों जैसी अन्य संस्थाओं से प्रतिस्पर्धा का भी सामना करना होगा. नोटबंदी के कारण बैंकिंग उद्योग में जमा राशियां बढ़ने से नकद आधारित उद्योग प्रभावित हुए है. कॉर्पोरेट तुलन-पत्रों में दबाव के चलते ऋणों में वृद्धि भी मंद रही है. भारतीय रिजर्व बैंक ने त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) की विशिष्टताओं में संशोधन किया है तथा बैंकों पर निगरानी रखने के लिए आस्ति गुणवत्ता एवं लाभप्रदता पर जोर देने के साथ साथ तीनों जोखिमों की प्रारम्भिक सीमा को भी परिभाषित किया है. वसूली प्रक्रिया की गति को बढ़ाने में दिवालियापन सुधार कानून 2016 एक स्वागतयोग्य कदम है.

भाग बी - बैंक का कार्यनिष्पादन

व्यवसाय

दिनांक 31 मार्च 2017 को बैंक का कुल व्यवसाय ₹ 449679 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष के ₹ 456336 करोड़ में (1.46) प्रतिशत की कमी दर्शाता है. उच्च लागत + सीओडी में ₹ 1452 करोड़ की कमी तथा ₹ 2617 करोड़ के डिस्कॉम अग्रिमों को बांड में परिवर्तित करने तथा ₹ 22991 करोड़ की ऋण आस्तियों (आईबीपीसी) की बिक्री के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान व्यवसाय में ₹ 27060 करोड़ की कमी हुई है, अन्यथा मार्च 2016 पर व्यवसाय वृद्धि दर 4.47% होती.

परिचालन लाभ पिछले वर्ष ₹ 2642 करोड़ की तुलना में ₹ 3089 करोड़ रहा जो कि 16.91 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है. बैंक ने वर्ष 2016-17 में प्रावधानों में वृद्धि के कारण ₹ 2439 करोड़ की शुद्ध हानि दर्शायी है जो पिछले वर्ष ₹ 1418 करोड़ थी.

संसाधन संग्रहण

दिनांक 31 मार्च 2017 को कुल जमा राशि ₹ 296671 करोड़ थी. उच्च लागत की जमा + सीओडी की कुल राशि ₹ 1452 करोड़ को घटाकर देखा जाय तो जमा राशियों में पिछले वर्ष की जमा पर 11.45% की वृद्धि हुई है अन्यथा यह 12% होती. बचत बैंक जमा, वर्ष 2016-17 में 25.00% की वृद्धि के साथ ₹ 103102 करोड़ हो गयी जो पिछले वर्ष ₹ 82485 करोड़ थी. चालू जमा राशि वर्ष 2015-16 के ₹ 11970 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2016-17 में ₹ 13207 करोड़ हो गयी. कुल जमा में कासा का प्रतिशत जो पिछले वर्ष 35.48% था वह इस वर्षबढ़कर 39.20 % हो गया है. कुल सकल जमा राशियां वर्ष दर वर्ष 11.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2016-17 में बढ़कर ₹ 290972 करोड़ हो गयी जो वर्ष 2015-16 में ₹ 260101 करोड़ थी. जबकि कोर मियादी जमा 2015-16 के ₹ 156921 करोड़ पर 7.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2016-17 में ₹ 169384 करोड़ के स्तर तक पहुंच गयी.

बैंक में इंड एएस के क्रियान्वयन की प्रक्रिया एवं प्रगति

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने परिपत्र दिनांक 11 फरवरी, 2016 के माध्यम से वर्ष 2018-19 से प्रारम्भ एवं तत्पश्चात लेखांकन अवधि के लिए बैंकों में भारतीय लेखांकन मानकों (इंड-एएस) के क्रियान्वयन संबंधी रूपरेखा प्रस्तुत की है. बैंक ने एक इंड-एएस सलाहकार को सेवाओं के लिए नियुक्त किया है, एक कोर इंड-एएस टीम का गठन कर क्रियान्वयन प्रारम्भ कर दिया है. इसकी प्रगति पर निगरानी रखने के लिए एक कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में संचालन समिति बनाई गयी है. बैंक का निदेशक मंडल तथा बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति इंड-एएस क्रियान्वयन की प्रगति की आवधिक समीक्षा करते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार बैंक ने 30 सितम्बर, 2016 को समाप्त छमाही के लिए प्रोफार्मा वित्तीय विवरणी दिनांक 30.11.2016 को भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत कर दी है.

ऋण

मार्च 2017 में बैंक का सकल ऋण ₹ 153008 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष मार्च, 2016 में ₹190152 करोड़ था. यह कमी आईबीपीसी सहभागिता के माध्यम से ₹ 22991.22 करोड़ की ऋण आस्तियों की बिक्री के कारण हुई है.

ऋण निगरानी

- बैंक ने सुपरिभाषित निगरानी नीति शुरू की है, जिसमें एसएमए (विशेष उल्लिखित खाते) प्रबंधन पर विस्तृत दिशानिर्देश दिए गए हैं, इसमें एसएमए प्रबंधन के सभी क्षेत्र, त्वरित चेतावनी संकेतक, निगरानी एवं अनुवर्ती उपाय तथा रिपोर्टिंग प्रणाली को समाहित किया गया है.
- मई 2011 में निदेशक मंडल द्वारा इस नीति का अनुमोदन किया गया है और दिनांक 1 जुलाई, 2011 से पूरे बैंक में इसे लागू किया गया है. बोर्ड के अनुमोदन के अनुरूप समय-समय पर नीति में संशोधन किए जा रहे हैं.
- महाप्रबंधक के स्वतंत्र प्रभार के अंतर्गत दिनांक 1 अगस्त, 2011 से ऋण निगरानी के लिए एक पृथक वर्टिकल बनाया गया है.
- निगरानी नीति दिशानिर्देशों के अनुसार, केन्द्रीय कार्यालय, सभी आंचलिक/क्षेत्रीय कार्यालयों तथा कॉर्पोरेट वित्त शाखाओं के स्तर पर प्रत्येक माह मानक अनियमित/एसएमए खातों की पुनरीक्षा करने के लिए निगरानी समितियां गठित की गई हैं एवं ऋण निगरानी की संपूर्ण कार्रवाई की संगठित पुनरीक्षा माह में एक बार की जाती है.
- निगरानी दक्षता/जागरुकता विकसित करने के लिए, उप क्षेत्रीय प्रबंधकों/ऋण समीक्षा अधिकारियों सहित फील्ड स्टाफ सदस्यों के लिए कई कार्यशालाएँ एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं.
- दबावग्रस्त खातों की आस्ति गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए कार्यनीतियां बनाने हेतु, विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/आंचलिक कार्यालयों में स्थानीय बैठकों का आयोजन किया गया एवं/अथवा फील्ड वसूली टीम/क्षेत्रीय प्रबंधक/आंचलिक प्रबंधक/केन्द्रीय कार्यालय द्वारा एसएमए उधारकर्ताओं के साथ बैठक की गई.
- बैंक ने कॉर्पोरेट, एसएमई, रिटेल तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों पर रीयलटाइम निगरानी के लिए केन्द्रीकृत ऋण मूल्यांकन प्रणाली एवं पर्यवेक्षण (क्लास) निगरानी मॉड्यूल सॉफ्टवेयर का भी कार्यान्वयन किया है.
- सघन ऋण निगरानी सुनिश्चित करने के लिए ऑफसाइट निगरानी पर्यवेक्षण प्रणाली हेतु भी कदम उठाए गए हैं.
- ₹ 5 करोड़ एवं उससे अधिक के नए/ऋण सीमा वृद्धि के अग्रिमों में संवितरण पूर्व लेखापरीक्षा तथा ₹ 1 करोड़ एवं उससे अधिक के नए अग्रिमों में संवितरण के 30 दिन के अंदर लेखापरीक्षा करना प्रारंभ किया गया है.
- एसएमए खातों में दिनांक 01.02.2017 से अनुवर्ती कार्रवाई कॉल सेंटर द्वारा की जा रही है.

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार, समायोजित शुद्ध बैंक ऋण अथवा इतर तुलन-पत्र जोखिम के तुल्य ऋण, में से जो भी अधिक हो, का 40% प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत प्रदान किया जाना है. अत: इस क्षेत्र के अंतर्गत ऋण प्रवाह बैंक के लिए अत्यंत महत्व का क्षेत्र है. हमने कृषि, एमएसएमई, आवास, शैक्षिक एवं प्राथमिकता क्षेत्र के अन्य प्रमुख घटकों में ऋण प्रवाह बढाने पर विशेष ध्यान दिया है. इसके परिणामस्वरूप, प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत हमारी प्रगति प्रभावपूर्ण रही है.

दिनांक 31.03.2017 को प्राथमिकता क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बैंक का कार्यनिष्पादन निम्नानुसार है :-

₹ करोड़ में

एा.ढ. सं.	विवरण मार्च 2016	मार्च 2016	मार्च 2017	वृद्धि (%)
	समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी)	199535	206155.21	3.32
1	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम (एएनबीसी का प्रतिशत)	82771 (41.48)	78259.00 (37.96*)	(5.45) (3.52)
2	कुल कृषि ऋण (एएनबीसी का प्रतिशत)	36760 (18.42)	37537.00 (18.21)	2.11 (0.21)
3	एमएसएमई	30526	29531.00	(3.26)
4	शैक्षणिक ऋण	3081	1909.00	(38.04)
5	आवास ऋण (₹25.00 लाख तक)	12340	8547.00	(30.74)
6	अन्य प्राथमिकता क्षेत्र	169	94.00	(44.38)
7	नवीकरणीय ऊर्जा	22	8.00	(63.64)
8	सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर	11	10.00	(9.09)

*₹ 1065 करोड़ के पीएसएलसी एवं ₹ 8761.80 करोड़ के आईबीपीसी बिक्री के समायोजन के पश्चात.

नोट : औसत प्राथमिकता क्षेत्र ऋण ₹ 82465.00 करोड़ है जबकि सांविधिक अनिवार्यता (एएनबीसी का 40%) ₹ 80843.61 करोड़ है.

प्राथमिकता क्षेत्र

❖ वर्ष 2016-17 के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण नियोजन बढ़कर ₹ 88085.80 करोड़ हुआ जो पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 5314.80 करोड़ की वृद्धि दर्शाता है. तथापि प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में आधिक्य का फायदा उठाते हुए बैंक ने ₹ 1065 करोड़ के पीएसएलसी तथा ₹ 8761.80 करोड़ आईबीपीसी का विक्रय किया. इस बिक्री के बावजूद प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम में ₹ 1621.40 करोड़ का आधिक्य रहा.



कृषि

बैंक का कृषि अग्रिम दिनांक 31.03.2017 को बढ़कर ₹ 37537 करोड़ हो गया जो दिनांक 31.03.2016 को ₹ 36760 करोड़ था. यह वर्ष-दर-वर्ष 2.11% की वृद्धि दर्शाता है. समायोजित शुद्ध बैंकऋण (एएनबीसी) में कृषि ऋण का प्रतिशत 18.21% है. जबकि निर्धारित लक्ष्य 18% है.



कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने हेतु की गई नई पहलें :

विशिष्ट ऋण अभियान :

- हमारी सभी ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी शाखाओं में कृषि ऋणों का प्रचार एवं नए ऋण स्वीकृत करने हेतु प्रत्येक माह में कम-से-कम एक मेगा ऋण शिविर का आयोजन किया गया.

वित्तीय समावेशन (एफआई)

- बैंक ने 2000 से अधिक जनसंख्या वाले 4,330 गांवों तथा 2000 से कम जनसंख्या के 18,376 गांवों को कवर किया है. बैंक ने इन गांवों को 6,387 बीसी एजेंटों के माध्यम से कवर किया.

1. हमने 176 शहरी वित्तीय समावेशन केन्द्र खोले हैं.
2. लेनदेनों की संख्या:



वित्तीय लेनदेनों में बीसी के माध्यमों से खोले गए खातों में वित्तीय वर्ष 2016-17 में लेनदेन बढ़कर 194.94 लाख (वर्ष दर वर्ष 44.35 % वृद्धि) हो गए जो वित्तवर्ष 2015-16 में 135.04 लाख थे.

3. **बीसी के माध्यम से व्यवसाय**



बीसी के माध्यम से व्यवसाय बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2017 को ₹ 579.86 करोड़ हो गया है जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को ₹ 283.65 करोड़ था: 104.42% की वृद्धि.

4. **बीसी के माध्यम से खाते खोलना:**



बीसी के माध्यम से खोले गए खातों की संख्या दिनांक 31 मार्च, 2016 के 71.19 लाख से बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2017 को 84.88 लाख हो गई है: 19.23 % की वृद्धि.

5. बैंक ने अपनी शाखाओं एवं बीसी की माध्यमों से 170.89 लाख बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट (बीएसबीडीए) खोले हैं. इन खातों में कुल जमा शेष ₹ 2070.13 करोड़ है.

सामाजिक सुरक्षा योजना (जन-धन से जन-सुरक्षा)

पीएमजेडीवाई की असीम सफलता के बाद, दिनांक 09 मई, 2015 को भारत सरकार द्वारा जन-धन से जन-सुरक्षा की टैगलाइन पर सूक्ष्म बीमा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) तथा सूक्ष्म पेंशनर्स क्षेत्र के अंतर्गत अटल पेंशन योजना(एपीवाई) नामक तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का शुभारम्भ किया गया. इन योजनाओं के अंतर्गत मुख्यत: असंगठित क्षेत्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को लक्षित किया गया है, किन्तु अन्य भी पंजीकरण करवा सकते हैं.

सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रगति

योजना	2015-16	2016-17
पीएमजेजेबीवाई	1256559	1284321
पीएमएसबीवाई	2933664	3020463
एपीवाई	54067	86740

एसएसएस के अंतर्गत दावों का निपटान

FY	योजना	बैंक में पंजीकृत बीमा दावों की सं.	कंपनी में प्रस्तुत दावों की सं	निपटाए गए दावों की सं		बैंक में लंखित दावे	कंपनी में लंबित दावों की सं.
				प्रदत्त दावा	निरस्त दावे		
2015-16	**पीएमजेजेबीवाई**	1147	1147	872	28	0	0
	पीएमएसबीवाई	288	288	185	66	0	0
	कुल	**1435**	**1435**	**1057**	**94**	**0**	**0**
2016-17	**पीएमजेजेबीवाई**	2887	2863	2730	46	24	87
	पीएमएसबीवाई	823	818	742	45	5	31
	कुल	**3946**	**3917**	**3677**	**119**	**29**	**121**

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान एफआई-पीएमजेडीवाई की प्रमुख उपलब्धियां

- बीसी आउटलेट के माध्यम से व्यवसाय 104.43 % की वृद्धि के साथ ₹ 283.65 करोड़ से बढ़कर ₹ 579.86 करोड़ हो गया.
- वित्तीय समावेशन व्यवसाय 61.99% की वृद्धि के साथ ₹ 1277.92 करोड़ से बढ़कर ₹ 2070.14 करोड़ हो गया.
- पीएमजेडीआई सक्रिय खातों में आधार सीडिंग 49% से बढकर 83.94% तथा सभी सक्रिय बचत खातों में यह 28% से बढ़कर 74.99% हो गया.
- बीसी-आउटलेट्स के माध्यम से कुल लेनदेनों की संख्या 44.38% की वृद्धि के साथ 135.04 लाख से बढ़कर 194.97 लाख हो गए.
- बीएसबीडी खातों की संख्या 8.67 % की वृद्धि के साथ 157.26 लाख से बढ़कर 170.89 लाख हो गई.
- ₹ 10 लाख से अधिक के व्यवसाय वाले बीसी की संख्या में 104.35% की वृद्धि हुई और ये 758 से बढ़कर 1549 हो गई. इसी प्रकार ₹ 1 करोड़ से अधिक के व्यवसाय वाले बीसी की संख्या में 320% की वृद्धि हुई और ये 10 से बढ़कर 42 हो गए.

अग्रणी बैंक के तहत कार्यनिष्पादन

- हम सात राज्यों यथा; मध्य प्रदेश(18), बिहार(10), महाराष्ट्र(7), उत्तर प्रदेश(5), पश्चिम बंगाल(3), राजस्थान(3) एवं छतीसगढ़(4) के 51 जिलों में अग्रणी बैंक के उत्तरदायित्व का निर्वाह कर रहे हैं. हमारी 50% से अधिक एवं लगभग 25% शाखाएं क्रमश: इन राज्यों एवं अग्रणी जिलों में कार्यरत हैं.
- अग्रणी बैंक योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु, अग्रणी जिला प्रबंधकों के कार्यालयों को पर्याप्त सुविधाओं युक्त बनाया गया है तथा स्टाफ की समुचित व्यवस्था की गई है. साथ ही, अन्य बुनियादी सुविधाएं, यथा-पृथक/अच्छा परिसर, वाहन, कंप्यूटर/लैपटॉप (स्काइप सुविधायुक्त) तथा प्रिंटर, टेलीफोन, इन्टरनेट सुविधा, ई-मेल आईडी, मोबाइल, फैक्स, वेबसाइट की स्थापना इत्यादि भी उपलब्ध कराई गई हैं.

- हमने ग्रामीण इलाकों की आम जनता/लोगों को लोगों को उनसे सम्बंधित हमारे बैंक के विभिन्न उत्पादों से परिचित कराने के लिए, किसान क्रेडिट कार्ड, सेन्ट्रल अर्टिजन क्रेडिट कार्ड, स्वाभिमान/आधार इत्यादि को एलडीएम को प्रदत्त गाड़ियों पर प्रदर्शित किया है.
- वार्षिक ऋण योजना के तहत अग्रणी जिलों में स्थित हमारी शाखाओं का कार्यनिष्पादन 83% रहा है, जबकि सभी बैंकों का कुल मिलाकर अग्रणी जिलों में कार्यनिष्पादन 82% है.
- हमने सशक्तीकरण, युवाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण एवं ऋण संबद्धता के माध्यम से समन्वित विकास के लिए प्रत्येक अग्रणी जिले में एक-एक गांव का चयन किया है. सम्पूर्ण सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए सभी विकासपरक गतिविधियों जैसे वित्तीय शिक्षा/वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आरसेटी में ग्रामीण बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूह/कृषक क्लब/जेएलजी का गठन, ऋण गतिविधियों का पूर्ण क्रियान्वयन किया जा रहा है. अग्रणी जिले के अन्य गांवों में भी इनकी प्रतिकृति दर्शाई जा रही है.

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति :

- मध्य प्रदेश राज्य में हमारा बैंक एसएलबीसी का समन्वयक है. वर्ष 2016-17 के दौरान, विभिन्न एजेन्सियों द्वारा सरकार प्रायोजित कार्यक्रमों सहित विभिन्न पैरामीटरों के अंतर्गत राज्य में की गई प्रगति की समीक्षा तथा उस पर निगरानी रखने हेतु तीन नियमित एसएलबीसी बैठकें आयोजित की गईं. दिनांक 04 मार्च, 2017 को आयोजित पिछली एसएलबीसी की बैठक में सुश्री अंजुली छिब दुiiाल, सचिव डीएफएस, भारत सरकार ने भी सहभागिता की.
- समय समय पर हम बैंकों के मुद्दों को निपटान हेतु भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत करते रहे है. दिनांक 04 मार्च, 2017 को आयोजित पिछली एसएलबीसी की बैठक में हमने सूचित किया था कि राज्य के कुछ आरटीओ ने बैंकों सहित वाहन वित्त कम्पनियों के लिए ''ट्रेडलाइसेंस'' प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया है. हमने इसका पुरजोर प्रतिकार किया है और अब राज्य सरकार ने बैंकों को इससे छूट देने के लिए समुचित निर्देश जारी कर दिए है.
- कुछ जिलों में विभिन्न प्रतिकूलताओं के बावजूद, दिनांक 31 मार्च, 2017 को राज्य का सीडी अनुपात 71.25% रहा है.
- निरंतर अनुवर्तन के कारण मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत बैंकों ने 100% से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिये है.
- वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत बैंकों के कार्यनिष्पादन पर एसएलबीसी द्वारा सतत निगरानी रखी जाती है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान राज्य ऋण योजना का 100% लक्ष्य हासिल कर लिया गया है.
- भारतीय रिजर्व बैंक ने एसएलबीसी के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एक लक्षित समूह अर्थात बीसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि के लिए सभी 51 एफएलसी पर एक साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने की कार्य-योजना बनाई है.
- इस राज्य के लिए हमारा विज़न है कि ''राज्य का ऐसा सर्वांगीण एवं समन्वित विकास, जिससे सभी नागरिकों का जीवन समृद्ध बने तथा उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार श्रेष्ठ प्रयास करने के अवसर प्राप्त हों और वे राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें''.
- वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्य हासिल करने, वित्तीय समावेशन के क्रियान्वयन संबंधी कार्य योजना एवं इन उद्देश्यों की प्राप्ति में भूमिका एवं उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए विभिन्न कार्ययोजना पर चर्चा के लिए राज्य के सभी जिला अग्रणी प्रबंधकों का समीक्षा सम्मेलन/ कार्यशाला आयोजित करने में हम अग्रणी रहे है. दिनांक 17.05.2017 को भारिबैं ने एसएलबीसी के साथ मिलकर सभी 51 एलडीएम, एलडीओ और बैंकों, भारिबैं तथा नाबार्ड के डीडीएम का सम्मेलन आयोजित किया.
- बैंकों एवं एलडीएम के साथ सतत अनुवर्ती कार्रवाई के द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत राज्य में लगभग एक करोड़ पंजीकरण किए गए.

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी)

- हमने 7 राज्यों में 48 एफएलसीसी खोले हैं, यथा मध्य प्रदेश(18), बिहार(10), महाराष्ट्र(7), उत्तर प्रदेश(5), पश्चिम बंगाल(3), राजस्थान(3) एवं छत्तीसगढ़(2).
- इन सभी केन्द्रों द्वारा 6154 आउटडोर विजिट की गई, जिसमें 599252 व्यक्तियों को साक्षरता/परामर्श प्रदान किया गया. इनके अंतर्गत जन-अभियान एवं व्यक्तिगत परामर्श दोनों ही शामिल है.
- लोगों में जागरुकता लाने एवं उनकी आर्थिक स्थिति और जीवनयापन स्तर में सुधार के अवसर प्रदान करने के लिए बैंक ने उन्हें जन सम्पर्क प्रणाली युक्त गाड़ियां एवं बैंक द्वारा आरम्भ किये गए विभिन्न उत्पादों/योजनाओं को प्रचारित करने के लिए एलसीडी प्रदान किए है. इसके आलावा गांव के दौरों एवं परामर्श प्रदान करते समय शिक्षण सामग्री, किट, किताबें इत्यादि भी उपलब्ध कराई है.

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)

- बैंक ने देश के 9 राज्यों में 46 आरसेटी की स्थापना की है अर्थात मध्य प्रदेश(18), बिहार(9), महाराष्ट्र(6), उत्तर प्रदेश(5), पश्चिम बंगाल(3), छत्तीसगढ़(2), राजस्थान(1), ओडिसा(1) एवं असम(1).
- वर्ष 2016-17 के दौरान, आरसेटी ने 1153 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 31961 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. इनमें से, 26511 (83%) प्रशिक्षु बैंक-ऋण के माध्यम से संबद्ध, मजदूरी निपटान एवं स्व-वित्त पोषण से व्यवस्थित किए गए.
- 39 आरसेटी केंद्र को श्रेणी ए,एए, तथा 4 केंद्र को एबी, और सिर्फ 2 केंद्र को बीबी श्रेणी प्रदान की गयी कोई भी आरसेटी सी एवं डी श्रेणी के नहीं हैं.

अन्य पहलें

- आरसेटी तथा एफएलसीसी के प्रचालनों तथा कार्य-प्रणाली पर नियंत्रण एवं निगरानी रखने के लिए हमारे बैंक द्वारा ''सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया सामाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान(सीबीआई-एसयूएपीएस) नाम से एक सोसाइटी/ट्रस्ट की स्थापना की गई है.
- आरसेटी तथा एफएलसीसी के मामलों तथा कार्यों पर पूर्ण नियंत्रण एवं निगरानी रखने हेतु, हमने एक उच्च स्तरीय प्रशासकीय परिषद का गठन किया है, इसमें हमारे अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सरंक्षक, कार्यपालक निदेशक, अध्यक्ष एवं महाप्रबंधकगण इसके सदस्य हैं.
- हमने पर्याप्त मानवशक्ति के साथ यथेष्ट दक्षता प्राप्त सेवानिवृत्त वरिष्ठ बैंक अधिकारियों को आरसेटी निदेशक के रूप में कार्य करने हेतु अनुबंधित करना प्रारम्भ कर दिया है.
- जिला स्तर पर सभी स्थानीय विकास संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित कर स्थानीय सलाहकार समितियों तथा प्रशिक्षण समितियों का गठन किया गया है.
- सभी 46 आरसेटी के लिए भवन निर्माण हेतु, हमने एक मॉडल योजना तैयार की है. इन 46 आरसेटी में से 30 आरसेटी भवन का निर्माण पूरा हो चुका है और शेष में कार्य प्रगति पर है.

एमएसएमई विभाग :

1. कार्यनिष्पादन : (करोड़ ₹)

विवरण	**31.03.2016 (लेखापरीक्षित)**	**31.03.2017 (लेखापरीक्षित)***	**वर्ष-दर-वर्ष % वृद्धि**
सूक्ष्म उद्यम	9155	9397	2.58%
एमएसई	28180	26956	(-)4.34%
एमएसएमई (प्रा.क्षे.)	30526	29531	(-)3.26%
कुल एमएसएमई	31590	30701	(-)2.81%
कुल अग्रिम में एमएसएमई अग्रिम का %	17%	20%**	
भा.रि.बैं. अधिदेश (प्रधानमंत्री कार्यदल)	**31.03.16 (लेखापरीक्षित)**	**31.03.17 (लेखापरीक्षित)**	**लक्ष्य मार्च -17**
सूक्ष्म उद्यम खातों की संख्या	515769	654726	567346
सूक्ष्म उद्यमों के अंतर्गत खातों की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	20%	27%	10%
भा.रि.बैं. अधिदेश (प्रधानमंत्री कार्यदल)	**31.03.16 (लेखापरीक्षित)**	**31.03.17 (लेखापरीक्षित)**	**लक्ष्य मार्च -17**
एमएसई पोर्टफोलियो (राशि)	28180	26956	35700
एमएसई के अंतर्गत वर्ष-दर-वर्ष ऋण वृद्धि	6.33%	(-)0.79%	20%
एमएसई ऋण में सूक्ष्म ऋणों का %	35%	33%	60%

(*) ₹ 22991 करोड़ की ऋण आस्तियों की बिक्री में एमएसएमई के आईबीपीसी के भाग ₹ 1637 करोड़ को छोड़कर.

(**) आईबीपीसी सहभागिता के माध्यम से ₹ 22991 करोड़ की ऋण आस्तियों की बिक्री के पश्चात कुल ऋण ₹ 153008 करोड़ का 20%.

सूक्ष्म उद्यमों के अंतर्गत कार्य-निष्पादन

दिनांक31.03.16 को सूक्ष्म उद्यम	दिनांक31.03.17 को सूक्ष्म उद्यम	एएनबीसी	दिनांक31.03.16 को को स्थिति	दिनांक31.03.17 को को स्थिति	लक्ष्य मार्च 17 एएनबीसी का 7.5%
9155	9397**	**199535**	**4.59%**	**4.56%ङ**	**15500**

(*) एएनबीसी का 4.56% ₹ 206155 करोड़. उपलब्धि इंडेक्स - 60.76%

(**) आस्ति ऋण की बिक्री के अंतर्गत एमएमएमई का भाग आईबीपीसी को छोड़कर.

संकेतक	**विवरण**
कार्यनिष्पादन वैशिष्ट्य	➢ सूक्ष्म उद्यमों के अंतर्गत हमारे बैंक ने खातों की संख्या के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य लक्ष्य 10% को प्राप्त कर लिया है तथा मुद्रा ऋणों के माध्यम से सूक्ष्म खातों में 27% की वृद्धि हासिल की है. ➢ सूक्ष्म उद्यमों के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य एएनबीसी के 7.50% के समक्ष हमारे बैंक ने मार्च 2017 में 4.56% का लक्ष्य हासिल किया है जो मार्च 2016 में 4.59% था ➢ एमएसई ऋण में सूक्ष्म ऋणों का प्रतिशत 33% है जबकि पीएमटीएफ के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 60% है. संगत अवधि में यह 35% भी था. ➢ सूक्ष्म उद्यम खंड के अंतर्गत वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 2.64% रही है. (राशिवार) ➢ दिनांक 01.04.2016 से दिनांक 31.03.2017 के दौरान एमएसएमई के अंतर्गत 79877 नए खाते खोले गए और उनमें 6710 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी तथा ₹ 5163 करोड़ की राशि संवितरित की गयी. दिनांक 01.01.2017 से 31.03.2017 तक नोटबंदी के पश्चात 24698 नए खाते खोले गए. ₹ 2369 करोड़ स्वीकृत किए गए तथा ₹ 1662 करोड़ संवितरित किए गए. ➢ वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान 1776 खातो में सीजीटीएमएसई के अंतर्गत ₹ 46 करोड़ का दावा निपटान हुआ. खातों के संदर्भ में प्रस्तुत किए गए दावों में अनुमोदित दावों का अनुपात 92% रहा है और राशि के संदर्भ में यह अनुपात 51% रहा है. ➢ पीएमएमवाई के अंतर्गत बैंक की उपलब्धि डीएफएस, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्यों का 75% हासिल हुआ. ₹ 2500 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य के समक्ष हमारे बैंक ने मार्च, 2017 तक ₹ 1883 करोड़ का नया संवितरण किया है. ➢ इस वित्त वर्ष में 497 मुद्रा कार्ड जारी किए गए जिनमें 0.64 करोड़ की राशि निहित थी. ➢ स्टैंडअप ऋण खातों के संग्रहण में सार्वजनिक क्षेत्र के ऋण में हमारे बैंक का स्थान 5वां रहा. स्टैंड अप इंडिया के अंतर्गत महिलाओं, अजा/अजजा उद्यमियों को ग्रीनफील्ड (नई) परियोजनाओं के लिए 1250 ऋण खाते स्वीकृत किए गए.
पहलें	**एमएसएमई मैन्युअल का अद्यतीकरण :** **फील्ड फंक्शनरियों के लाभार्थ विभाग द्वारा पहली बार एमएसएमई मैन्युअल तैयार किया गया जिसमें एमएसएमई की सभी ऋण योजनाएं, भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देश समाहित किए गए. इसे त्वरित संदर्भ हेतु बैंक की इंट्रानेट साइट पर भी अपलोड किया गया है.** **एमएसएमई ऋणों के वर्गीकरण संबंधी अद्यतन मास्टर परिपत्र फील्ड फंक्शनरियों के उपयोग एवं त्वरित संदर्भ हेतु अद्यतन परिपत्र बैंक की इंट्रानेट साइट पर अपलोड किया गया है.**

बढ़ते कदम	पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारतीय रिजर्व बैंक एवं पीएमटीएफ द्वारा निर्धारित सूक्ष्म उद्यमों का लक्ष्य एएनबीसी के 7.5% प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म उद्यमों पर बल दिया गया है. ➢ इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमने मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना, केवीआईसी/पीएमईजीपी योजनाओं एवं सेन्ट वीवर मुद्रा योजना के अंतर्गतवित्त पोषण बढ़ाने पर जोर दिया है. ➢ एमएसएमई क्षेत्र में वित्त पोषण पर जोर देने के लिए 20 नए एसएमई कक्ष नामित किए गए है जो टर्न एराउंड टाइम (टीएटी) कम करने में मदद करेंगे.

रिटेल ऋण

दिनांक 31.03.2017 को रिटेल ऋण योजनाओं में कुल बकाया राशियां ₹ 32008 करोड़ हो गयी. बैंक के कुल अग्रिम में रिटेल पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 20% से अधिक है.

उत्पाद/सेवाएं

1. संभाव्य ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए बैंक ने आम लोगों के लिए सुस्पष्ट विविधतायुक्त 37 स्व-परिपूर्ण उत्पाद प्रस्तुत किए हैं:

क्र.सं.	योजनाओं का नाम
1	सेन्ट होम ऋण योजना.
2	सेन्ट होम डबल प्लस योजना.
3	सेन्ट होम - सीआरजीएफटीएलआईएच योजना
4	सेन्ट होम लोन प्लस
5	सेन्ट अर्नेस्ट मनी वित्तपोषण योजना
6	प्रधानमंत्री आवास योजना
7	सेन्ट मॉर्गेज
8	सेन्ट मॉर्गेज शैक्षिक संस्थान
9	सेन्ट ट्रेड
10	सेन्ट रेंटल
11	सेन्ट शॉप
12	सेन्ट विद्यार्थी
13	कार्यपालकों को एमबीए करने हेतु शैक्षिक ऋण योजना
14	आईआईएमएस एवं 4 प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थियों हेतु शैक्षिक ऋण योजना
15	सेन्ट व्हीकल योजना
16	सेन्ट सहयोग
17	सेन्ट डॉक्टर
18	सेन्ट पर्सनल ऋण
19	सेन्ट कॉरपोरेट कर्मचारी ऋण
20	पेंशनधारकों के लिए सेन्ट पर्सनल ऋण
21	सेन्ट सुविधा
22	सेन्ट पर्सनल गोल्ड ऋण योजना

23	शैक्षिक संस्थानों के अध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए पर्सनल ऋण
24	चैनल वित्तपोषण के लिए व्यापक योजना
25	भविष्य में शुल्क प्राप्तियों के विरुद्ध ऋण
26	रिवर्स मॉर्गेज ऋण - 'सेन्ट स्वाभिमान'
27	सेन्ट परम
28	सेन्ट कॉम्बो
29	सेन्ट लिक्विड
30	एचएनआई ग्राहकों के लिए सेन्ट स्कूल
31	तीसरे अथवा चौथे आवास या फ्लैट की खरीदारी के लिए सेन्ट होम ऋण योजना
32	सेन्ट होम लाभार्थियों के लिए ओडी टॉप अप सुविधा
33	बिहार विद्यार्थी क्रेडिट कार्डयोजना
34	सेन्ट स्किल ऋण योजना
35	पेंशनधारकों के लिए सेन्ट ओडी सुविधा
36	सेन्ट स्वाभिमानप्लस
37	सेन्ट विद्यार्थी -एन सी जी टी सी गारंटीकृत

ये उत्पाद विभिन्न लक्ष्य समूहों एवं विशिष्ट बाजार खंडों के लिए विविधता से परिपूर्ण हैं.

2. वर्ष के दौरान छह नई योजनाएं प्रारम्भ की गयी जिनमें एक शैक्षणिक ऋण योजना है जिसमें ₹ 7.50 लाख तक सम्पार्श्विक प्रतिभूति मुक्त ऋण प्रदान किए जाते है और नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कम्पनी द्वारा ऋण चूक गारंटी कवर उपलब्ध है. उच्च मालियत के ग्राहकों के निवेश के विकल्प के तौर पर तीसरे और अधिक घरों के लिए आवास ऋण योजना, आवास ऋणों में बंधक परिसम्पत्तियों के अवशिष्ट मूल्य पर ओवर ड्राफ्ट सुविधा, उच्च मालियत के ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए अल्पावधि स्कूल फीस वित्तपोषण, जिन पेंशनरों को हमारे बैंक से पेंशन संवितरित होती है, उनके लिए अपफ्रंट ओवरड्राफ्ट सुविधा, बिहार के छात्रों के लिए एक शैक्षणिक ऋण योजना जिसमें बिहार सरकार ₹ 4 लाख तक 100% ऋण चूक गारंटी देती है. रिवर्स मॉर्गेज ऋण समर्थित वार्षिकी योजना, सेन्ट स्वाभिमान प्लस को भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकारी द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से इस योजना को संशोधित कर पुन: प्रारम्भ किया गया. यह स्टार यूनियन डाई-ची लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के सहयोग से हमारे बैंक द्वारा क्रियान्वित एक विशिष्ट योजना है.

3. एक समय के पश्चात लक्षित ग्राहकों में परस्पर व्याप्ति एवं उत्पाद विशिष्टताओं को देखते हुए कुछ योजनाओं को विलीन कर दिया गया है और उन्हें सक्रिय उत्पादों की सूची से हटा दिया गया है. जैसे सेन्ट डेंटिस्ट को सेन्ट डॉक्टर में मिला दिया गया है, कॉरपोरेट कर्मचारियों को व्यक्तिगत ऋण योजना'' एवं ''सेन्ट रत्न'' को ''सेन्ट पर्सनल ऋण'' में, ''व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण योजना को ''सेन्ट स्किल'' में तथा भारत सरकार के निर्णयों के अनुरूप '' राजीव ऋण योजना को ''प्रधानमंत्री आवास योजना'' में मिला दिया गया है.

4. वर्ष के दौरान एक और केंद्रीकृत ऋण प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किया गया है. राजस्थान के कोटा में इस केंद्र की स्थापना के पश्चात सीसीपीसी की संख्या 49 हो गयी है जिनसे 1071 शाखाएं जुड़ी हुई है. 55% से अधिक आवास ऋण तथा 50% से अधिक मॉर्गेज/सेन्ट ट्रेड/शैक्षणिक ऋण का प्रसंस्करण सीसीपीसी में किया गया. सभी सीसीपीसी एवं शाखाएं रिटेल ऋण प्रस्तावों का प्रसंस्करण क्लास मॉड्यूल में करते है.

5. विद्यार्थियों से प्राप्त शैक्षणिक ऋण के अनुरोधों का प्रसंस्करण, निपटान एवं निगरानी के लिए हम विद्यालक्ष्मी पोर्टल से जुड़े हैं.

6. वर्ष के दौरान 2.30 लाख नए रिटेल ऋण खाते स्वीकृत किए गए और वर्तमान वर्ष में इनके दुगुने हो जाने का अनुमान है.

अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग

❖ बैंक का विदेशी विनिमय व्यवसाय देशभर में फैली 91 प्राधिकृत डीलर ('बी" श्रेणी) शाखाओं द्वारा संपादित किया जाता है. परिचालनीय कुशलता के लिए मुम्बई में बैंक का एक केन्द्रीकृत डीलिंग रूम है ताकि कोष प्रबन्धन व परिचालन सुविधा में बेहतरी हासिल की जा सके.

- दिनांक 31.03.2017 को बैंक का निर्यात ऋण पोर्टफोलियो ₹ 5452 करोड़ हो गया जो दि. 31.03.2016 को ₹ 5628 करोड़ था.
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में मर्चेंट ट्रेड विदेशी विनिमय का टर्नओवर ₹ 38,269 करोड़ रहा, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹ 44,027 करोड़ था.
- एनआरई जमा राशि दिनांक 31.03.2016 के रु 3819 करोड़ से बढ़कर दिनांक 31.03.2017 को ₹ 4457 करोड़ हो गया, जो गत वर्ष पर 17% की वृद्धि दर्शाता है.
- एफसीएनआर जमा राशि दिनांक 31.03.2016 को यूएसडी 204.21 मिलियन से बढ़कर दिनांक 31.03.2017 को यूएसडी 217.86 मिलियन हो गई, जो पिछले वर्ष पर 6.27% की वृद्धि दर्शाता है.

ट्रेजरी, निधि एवं निवेश

- बैंक का निवेश पोर्टफोलियो दिनांक 31 मार्च 2017 को बढ़कर ₹ 93,792 करोड़ हो गया है, जो दिनांक 31 मार्च, 2016 को ₹ 89,895 करोड़ था, इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 4.28% की वृद्धि प्रदर्शित हुई है. दसवर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल दिनांक 31.03.2016 के 7.42% की तुलना में दिनांक 31 मार्च, 2017 को 6.66% पर बंद हुआ है.
- वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को 0.5% (अप्रैल, 2016 में .25% एवं अक्टूबर, 2016 में .25%) घटाकर 6.25% कर दिया था एवं पॉलिसी रेट कॉरिडोर अप्रैल 2016 में 1% से संकुचित होकर 0.5% रह गया. इसके परिणामस्वरूप बैंक रेट घटकर 6.75% हो गयी.
- रेपो उधारी सीमा को घटाकर एनडीटीएल के 0.25% तथा मीयादी रेपो को घटाकर एमडीटीएल के 0.75% किया गया. परंतु इन दरों को रेपो रेट के आसपास रखने के उद्देश्य से एनडीटीएल के 1% से अधिक मियादी रेपो एवं रिवर्स रेपो में विवेकपूर्ण विचलन रखा गया. मियादी एलएएफ में उधारी के लिए बैंकों को नीलामी में बोली लगानी पड़ती है.
- अस्थिर बाजार एवं संकटग्रस्त तरलता प्रबंधन परिस्थितियों में, ट्रेजरी ने ₹ 1542 करोड़ का व्यापार लाभ दर्ज किया, जोकि पिछले वर्ष ₹ 587 करोड़ था. अभी यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दरों में की गयी कमी एवं नोटबंदी के कारण सिस्टम में जमा हुई अतिरिक्त तरलता के कारण हुआ. निवेश पर प्रतिफल (ट्रेडिंग लाभ के अलावा) वर्ष 2015-16 के 7.46% से घटकर वर्ष 2016-17 के दौरान 7.38% रह गया.
- भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिभूतियों के अंतरण संबंधी दिशा निर्देशों के अनुपालन में, बैंक ने वर्ष 2016-17 के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की ₹ 3940 करोड़ की प्रतिभूतियां एएफएस से एचटीएम में अंतरित कर दीं एवं ₹ 8657 करोड़ की राशि, एचटीएम से एफएस में अंतरित की.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को बैंक के निवेश पोर्टफोलियो का संघटन इस प्रकार था:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	**संघटन**	**31.03.2016**	**31.03.2017**
1.	एसएलआर	66532.69	74070.73
2.	गैर एसएलआर	23362.06	19720.83
	कुल	**89894.75**	**93791.56**

जोखिम प्रबंधन

जोखिम प्रबन्धन प्रणाली/संगठनात्मक संरचना

बैंक में अब सुस्थापित जोखिम प्रबन्धन प्रणाली मौजूद है. ऋण, बाजार, तथा परिचालन जोखिमों एवं पिलर II जोखिमों के अंतर्गत बैंक की जोखिम प्रबन्धन नीतियों/प्रथाओं का निदेशक मंडल की जोखिम प्रबन्धन समिति द्वारा नियमित पर्यवेक्षण किया जाता है. उत्पादों की कीमत निर्धारण तथा बाजार की घटनाओं से संबंधित जोखिम मॉडल के निर्धारण संबंधी नीतियों की समीक्षा के साथ समिति नए जोखिमों की पहचान व उनका नियंत्रण भी करती है. कॉरपोरेट स्तर पर संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न जोखिम पैरामीटरों के अनुपालन पर भी समिति द्वारा नियमित निगरानी रखी जाती है.

जोखिम प्रबन्धन संरचना

पैंरिचालन स्तर पर विभिन्न समितियां, यथा बाजार जोखिम के लिए आस्ति देयता समिति(आल्को), ऋण जोखिम के लिए ऋण जोखिम नीति समिति(सीआरपीसी) तथा परिचालन जोखिम के लिए परिचालन जोखिम प्रबन्धन समिति(ओआरसीओ) गठित की गई है. जिसमें शीर्ष प्रबन्धतंत्र टीम के सदस्य शामिल हैं.

- ये समितियां बैंक विभिन्न परिचालनों के अंतर्गत जोखिम के स्तर के निगरानी एवं निर्धारण के लिए वर्ष भर नियमित बैठकें करती हैं तथा आवश्यकतानुरूप उचित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय लागू करती हैं.
- सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में बैंक ने वरिष्ठ प्रबन्धक/प्रबन्धक श्रेणी के अधिकारियों को "जोखिम प्रबन्धक'' के तौर पर अभिचिन्हित किया है. ये जोखिम प्रबन्धक, आंचलिक कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर केन्द्रीय कार्यालय के जोखिम प्रबन्धन विभाग के विस्तारित भाग के तौर पर कार्य करते हैं. बैंक ने केन्द्रीय कार्यालय के विभिन्न विभागों में वरिष्ठ श्रेणी के अधिकारी भी अभिचिन्हित किए हैं, जोखिम प्रबन्धन से संबंधित नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं को देखने एवं जोखिम प्रबन्धन की सहायता के लिए ''नोडल अधिकारी'' के रूप में कार्य करेंगे.

बाजार जोखिम प्रबंधन

- बाजार की स्थिति, वित्तपोषण पद्धति की समीक्षा कर मिड-आफिस एक्सपोजर, अवधि, प्रतिपक्षीय सीमा एवं विभिन्न संवेदनशील पैरामीटरों के संबंध में अनुपालन सुनिश्चित करता है तथा नियमित अंतराल पर शीर्ष प्रबन्धन को रिपोर्ट करता है.
- वीएआर के प्रबंधन तथा ड्यूरेशन विश्लेषण जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग, अल्पकाल में बैंक की एनआईआई के जोखिम के प्रबंधन तथा दीर्घकाल में इक्विटी मूल्य हेतु सतत आधार पर किया जाता है.
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो पर पूंजीगत प्रभार का सतत अनुमान लगाने के लिए एक मॉडल तैयार किया गया है तथा बाजार जोखिम के संबंध में बासल III के दिशानिर्देशों के अनुसार उसे क्रियान्वित किया जा रहा है.
- पोर्टफोलियों में बाजार जोखिम पर निगरानी रखने के लिए बैंक में बोर्ड द्वारा अनुमोदित बाजार जोखिम प्रबन्धन नीति मौजूद है. प्रति-पक्ष पार्टियों की नवीनतम प्रतिष्ठा स्थिति के आधार पर ट्रेजरी परिचालन के लिए प्रति-पक्ष पार्टियों की सीमाएं निर्धारित/समीक्षित की गई है.

ऋण जोखिम प्रबन्धन

- बैंक में सुस्पष्ट लिखित एकीकृत ऋण जोखिम प्रबन्धन नीति है. जिसकी पिछली समीक्षा निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 21.01.2017 को की गई.
- बैंक ने क्रिसिल लि. से रेटिंग मॉड्यूल प्राप्त किया है.
- बैंक ने रिटेल ऋण की ग्रेडिंग के लिए रेटिंग मॉडल्स (स्कोर कार्ड) विकसित किए हैं तथा इसका उपयोग किया जा रहा है.
- ऋण जोखिम प्रबन्धन की गतिविधियों की प्रगति की रिपोर्ट निगरानी हेतु, कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता वाली ऋण जोखिम नीति समिति को प्रस्तुत की जाती है.
- कॉरपोरेट एवं रिटेल दोनों पोर्टफोलियो के लिए विकसित दृष्टिकोण अपनाने की तैयारी करते हुए बैंक पीडी, ईएडी एंड एलजीडी की गणना हेतु मॉडल्स विकसित करने की प्रक्रिया में है.

परिचालन जोखिम प्रबन्धन

- बैंक में परिचालन जोखिम प्रबन्धन पूरी तरह से सुस्पष्ट परिचालन जोखिम प्रबन्धन नीति के द्वारा मार्गदर्शित है.
- परिचालन जोखिम प्रबन्धन समिति (ओआरसीओ) तिमाही अंतराल में बैंक की जोखिम प्रोफाइल की समीक्षा करती है एवं निदेशक मंडल द्वारा किया जाने वाला पर्यवेक्षण परिचालन जोखिम से संबंधित गुणात्मक पहलुओं को और मजबूत करता है.
- बैंक, उन्नत मापक दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए भा.रि.बैं. को आवेदन करने हेतु मॉडल विकसित कर रहा है तथा गुणात्मक एवं परिमाणात्मक सूचनाएं बना रहा है. नए उत्पादों अथवा गतिविधियों से जुड़ी जोखिम को न्यून करने हेतु नई उत्पाद अनुमोदन नीति संरचना बैंक को मार्गदर्शन प्रदान करती है.

पूंजी आयोजना

बैंक के पास सुदृढ आईसीएएपी (आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया) उपलब्ध है. बैंक ने जोखिम अभिलाषी ढांचा तैयार किया है एवं बेसल III मानदंडों की न्यूनतम आवश्यकता से अधिक पूंजी अनुपात रखने का उद्देश्य है. पूंजी के समक्ष प्राक्कलनों की समीक्षा तिमाही आधार पर की जाती है.

आस्ति एवं देयता प्रबन्धन पद्धतियां

- एएलएम प्रमुखतया बैंक के लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से तरलता एवं ब्याज दर जोखिम के मापन एवं प्रबंधन से संबंधित है. आलको (आस्ति एवं

देयता समिति) ने वर्ष के दौरान तरलता एवं अन्य संबंधित मामलों के संबंध में बैंक की स्थिति की समीक्षा करने के लिए 23 बार बैठकें कीं.

- विनियामक रिपोर्टिंग के अलावा, जमाओं पर ब्याज निर्धारण करने के साथ-साथ आधार दर और बीपीएलआर का निर्धारण भी एएलएम द्वारा किया जाता है. वर्ष 2016-17 के दौरान जमा ब्याज दरों को छह (6) बार एवं एमसीएलआर में बारह (12) बार संशोधन किया गया है.
- भारिबै के नये दिशानिर्देशानुसार, बैंक ने दिनांक 01 जनवरी 2015 से एलसीआर (तरलता कवरेज अनुपात) की गणना मासिक आधार पर करना प्रारंभ कर दिया है एवं यह अनुपात भारिबै द्वारा निर्धारित प्रारंभिक सीमा (अर्थात, 2017 के लिए 80%) से काफी अधिक है. वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए औसत एलसीआर 176.97% रहा है.

बासल III दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन

- भारतीय रिजर्व बैंक ने जुलाई, 2015 में नए पूंजी पर्याप्तता ढांचे के कार्यान्वयन पर अद्यतन मास्टर परिपत्र जारी किया है. इन दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने बासल III अपनाया है तथा ऋण जोखिम हेतु ''मानकीकृत दृष्टिकोण'', परिचालनात्मक जोखिम के लिए ''मूलसंकेतक दृष्टिकोण'' और बाजार जोखिम हेतु ''मानकीकृत अवधि'' पद्धति के आधार पर पूंजी का प्रावधान किया है.
- आधुनिक दृष्टिकोण को अपनाते हुए बैंक आईआरएमएस (एकीकृत जोखिम प्रबंधन समाधान) के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है.
- सभी आवश्यक नीतियां, जैसे ऋण जोखिम प्रबन्धन नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, ऋण जोखिम न्यूनीकरण तथा संपार्श्विक प्रबन्धन नीति, बाजार अनुशासन तथा प्रगटीकरण नीति, आईसीएएपी इत्यादि बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित है.
- बैंक ने आईआरबी (आंतरिक रेटिंग आधारित) दृष्टिकोण के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कदम उठाये हैं.

वसूली विभाग

अनर्जक आस्तियों के प्रबन्धन के लिए बैंक में विस्तृत दिशानिर्देशों से युक्त एक सुपरिभाषित वसूली नीति मौजूद है. इसमें एनपीए प्रबन्धन के सभी क्षेत्र, निगरानी, अनुवर्ती उपाय, समझौता निपटान, स्टाफ जवाबदेही, सरफेसी अधिनियम, प्रवर्तन वसूली एजेंसियों की नियुक्ति, एआरबी को आस्तियों की बिक्री, इरादतन चूककर्त्ता तथा प्रबन्धन सूचना प्रणाली शामिल है. अर्थव्यवस्था में नवीनतम परिवर्तनों/गतिविधियों एवं एनपीए निपटान/प्रबंधन की प्रवृत्तियों इत्यादि को समाहित करने के लिए इस नीति की समय-समय पर समीक्षा की जाती है.

1. वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान, यद्यपि, बैंक ने ₹ 2378 करोड़ की नकद वसूली, रु 1183 करोड़ का अपग्रेडेशन कुल मिलाकर ₹ 3561 करोड़ का सुधार किया है परंतु उच्च राशियों के नए खातों (रु 50.00 करोड़ एवं अधिक के 40 खाते कुल राशि ₹ 6116 करोड़) के जुड़ जाने से कार्य निष्पादन पर विपरीत प्रभाव पडा है.
   - सकल एनपीए का स्तर ₹ 22721 करोड़ से बढ़कर ₹ 27251 करोड़ हो गया है अर्थात 4530 करोड़ की वृद्धि हुई.
   - शुद्ध एनपीए ₹ 13242 करोड़ से बढ़कर ₹ 14218 करोड़ हो गया है. अर्थात ₹ 976 करोड़ की वृद्धि हुई है.
   - सकल एनपीए तथा शुद्ध एनपीए अनुपात क्रमश: 11.95% से 17.81% तथा 7.36% से 10.20% हो गया.
   - नकद वसूली ₹ 1287 करोड़ से बढ़कर ₹ 2378 करोड़ (84.77%) हो गई है.
2. एनपीए खातों में वसूली के लिए एकबारगी समझौता योजना (ओटीएस) को संशोधित किया गया और दो ओटीएस योजनाएं अर्थात एक ₹ 20 लाख तक दूसरी ₹ 20 लाख से ₹ 5 करोड़ तक वाद दायर खातों के लिए बनाई गयी है. इन योजनाओं को फील्ड फंक्शनरियों से बेतहाशा समर्थन मिला और इन योजनाओं के अंतर्गत अधिकतम एनपीए खातो का समाधान होना रिपोर्ट किया गया. ओटीएस योजना के अंतर्गत कार्यनिष्पादन - बकाया राशि (आरएलबी) ₹ 761 करोड़ एवं ओटीएस की राशि ₹ 559 करोड़ के प्रस्तावों का निपटान किया गया.
3. इन ओटीएस प्रस्तावों के अलावा केंद्रीय कार्यालय स्तर पर कुल ₹ 748 करोड़ के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए, जिसमें से वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹ 96 करोड़ वसूल किए जा चुके हैं.
4. वर्ष के दौरान बैंक ने एआरसी को बेचे एनपीए - शून्य
5. सभी एनपीए खातों को, उन खातों में वसूली की निगरानी के लिए पहले से 3 श्रेणियों अर्थात अधिक महत्वपूर्ण, महत्वपूर्ण, प्रबंधनीय में वर्गीकृत किया गया है.
6. ऋणों की वसूली के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों की वसूली टीम एवं शाखा के स्टाफ ने ₹ 50 लाख से अधिक बकाया राशि वाले एनपीए ऋणियों से व्यक्तिश: मुलाकात की जा रही है.

7. जानबूझकर चूककर्ता के प्रक्रिया बहुत ही योजनाबद्ध तरीके से लागू की जा रही है तथा जानबूझकर चूककर्ताओं की पहचान एवं उन्हें घोषित करने के लिए ₹ 25 लाख से अधिक वाले सभी एनपीए खातों की जांच की जा रही है. वर्ष के दौरान 20 उधारकर्ताओं को जानबूझकर चूककर्ता के तौर पर घोषित किया गया है.

8. वर्ष 2016-17 में एनपीए खातों में वसूली को अत्यधिक महत्व दिया गया. हमारे कार्यपालकों ने मासिक आधार पर एनपीए के संचलन पर कडी निगरानी रखी है एवं क्षेत्रीय प्रबंधक एवं आंचलिक प्रबंधकों की समीक्षा बैठकों एवं वीडियो सम्मेलनों में कानूनी कार्रवाई तथा सरफेसी के अंतर्गत कार्रवाई के माध्यम से एनपीए खातों में वसूली की समीक्षा की गयी. छोटे खातों, कृषि एवं एसएमई ऋण खातों में विशेष ध्यान दिया गया है.

9. वर्ष के दौरान 1 करोड़ से अधिक के एनपीए खातों के संबंध में चर्चा की गयी एवं क्षेत्रीय प्रबंधकों/आंचलिक प्रबंधकों द्वारा शुरु की गयी वसूली कार्रवाई एवं एनपीए खातों में हुई प्रगति की मासिक आधार पर वीडियो सम्मेलनों में समीक्षा की गई.

10. प्रत्येक माह वसूली कैंप आयोजित किये जा रहे हैं. इन कैंपों में बट्टे खाते में और जेएमएफएआरसी खाते में वसूली करना भी अभियान का एक हिस्सा होगा.

11. हम वसूली के कार्यनिष्पादन को सुधारने के लिए देश भर के एआरबी शाखाओं की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं.

12. सभी पात्र एनपीए खातों में हमने गहन अनुवर्ती कार्रवाई की और सरफेसी के अंतर्गत कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए 1 करोड़ से अधिक की राशि वाले खातों में यह कार्य पूर्ण हो चुका है. सरफेसी की सम्पूर्ण प्रक्रिया किसी खाते के एनपीए में परिवर्तन होने के छह महीने में पूर्णकर ली जाती है.

13. क्षेका/आंका तथा विधि अधिकारी की सक्रिय सहभागिता से तिमाही आधार पर जिला स्तर पर विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है.

14. एसपीबीटी महाविद्यालय, सीबीओटीसी भोपाल तथा कोलकाता एनपीए वसूली प्रबंधन पर एक सप्ताह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहे तथा वसूली विभाग के कार्यपालकगण इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय कर रहे हैं.

15. लंबित मामलों के निपटान हेतु विधि अधिकारियों/समन्वयकों द्वारा डीआरटी में गहन अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है.

16. बट्टा खातों में वसूली की स्थिति को सुधारने के लिए क्षेत्रों/अंचलों को वसूली के पृथक लक्ष्य आबंटित किए गया है.

17. ₹ 5.00 करोड़ एवं अधिक मूल्य के एनपीए खातों में विधिक/सरफेसी कार्रवाई करने के लिए इन्हें केंद्रीय कार्यालय के आंचलिक समंवयकों को सौंपा जाता है.

18. सभी फील्ड महाप्रबंधकों/आंचलिक प्रबंधकों को अनुदेश दिए गए थे कि ₹ 10 लाख एवं अधिक के एनपीए खातों की पहचान करने एवं उन्हें उनके उन्नयन/एनपीए खातों के समायोजन हेतु नियमित अनुवर्ती कार्य के लिए उन्हें अधिकारियों को सौंपा जाए.

बैंकाश्यूरेंस :

जीवन बीमा के लिए जीवन बीमा निगम तथा गैर- जीवन बीमा उत्पादों के लिए चोला एम एस जनरल इंश्योरेंस कंपनी की कॉर्पोरेट एजेन्सी के तहत हमारे बैंक द्वारा बीमा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही है.

दिनांक 31.03.2017 को समाप्त वर्ष में कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशिष्टताएँ निम्नानुसार रहीं :

- एलआईसी के सभी बैंकाश्यूरेंस साझेदारों में जीवन बीमा पॉलिसियाँ हासिल करने में पॉलिसियों की संख्या के मामले में हमारे बैंक ने तीसरा स्थान तथा बीमा प्रीमियम संग्रहण के मामले में दूसरा स्थान प्राप्त किया. बैंक ने 25406 पॉलिसियों एवं 149 करोड़ का प्रीमियम संग्रहण किया.
- साधारण बीमा व्यवसाय में, बैंक ने 244012 पॉलिसियों में ₹ 96 करोड़ प्रीमियम संग्रहित किया है.
- बैंकाश्यूरेंस व्यवसाय से कुल आय ₹ 17.07 करोड़ की हुई है.
- वर्ष के दौरान विनिर्दिष्ट व्यक्तियों की सं. बढ़कर 263 हो गई. अब बैंकाश्यूरेंस व्यवसाय चलाने के लिए हमारे पास 2589 विनिर्दिष्ट व्यक्ति हैं.

डिपॉजिटरी सेवाएं :

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ व्यवस्था के तहत बैंक डिपॉजिटरी सहभागी है. सभी परिचालन केंद्रीकृत है तथा फोर्ट मुंबई स्थित नोड्ल शाखा पूँजी बाजार सेवायें शाखा द्वारा ये सेवायें प्रदान की जा रही है. मुख्य केंद्रों की शाखाएँ खाते खोलने, शेयरों का क्रय तथा विक्रय, शेयरों के बंधक तथा भौतिक प्रतिभूतियों को डीमैट करने की सेवायें प्रदान कर रही हैं. बैंक के पास करीब 24000 डी-मैट खाता धारक है.

ऑन-लाइन ट्रेडिंग :

''सेन्ट ई-ट्रेड'' के नाम से बैंक द्वारा ''ऑनलाइन ट्रेडिंग'' सुविधाएँ प्रदान की जा रही है. बैंक के खाताधारकों जिनके डीमैट खाते भी बैंक में हैं उन्हें एक अग्रणी ब्रोकिंग फर्म मेसर्स एंजिल ब्रोकिंग लि. के साथ व्यवस्था के तहत बैंक इक्विटी शेयर तथा डेरिवेटिव्ज के ट्रेडिंग हेतु ऑन लाईन ट्रेडिंग़ सुविधा दी जा रही है. दिनांक 31.03.2017 को बैंक में ऑन लाइन ट्रेडिंग के लिए 650 खाते हैं.

आस्बा, डी-मैट, समाशोधन बैंक, लाभांश वारंट का भुगतान, ब्रोकरों को ऋण / गारंटी जैसी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए मुंबई में विशेष रुप से कैपिटल मार्केट सेवा शाखा प्रारंभ की गई है. यह ऑन लाइन ट्रेडिंग तथा आस्बा के लिए नियंत्रक शाखा भी है.

सूचना प्रौद्योगिकी

1. कोर बैंकिंग समाधान

- दिसम्बर 2010 में बैंक ने अपनी 100% शाखाओं को केन्द्रीकृत बैंकिंग समाधान (सीबीएस) में कवर कर लिया है.
